Need to restore the services of Rishikesh-Jammu Tawi Express train-laid

श्री जुगल किशोर (जम्मू) : हमारे विभिन्न अनुरोधों से रेल मंत्रालय, भारत सरकार ने जम्मू से ऋषिकेश और वापस योग नगरी ऋषिकेश से जम्मूतवी के लिए गाड़ी संख्या 14606/14605 अतिरिक्त साप्ताहिक ट्रेन प्रदान करने की कृपा की थी, लेकिन अब इस साप्ताहिक ट्रेन की सेवाएं पिछले कुछ दिनों से निलंबित कर दी गई है । इस साप्ताहिक रेलगाड़ी की सेवाएं स्थगित होने के कारण, कटरा से ऋषिकेश के लिए केवल एक रेलगाड़ी सेवा उपलब्ध है, अर्थात् हेमकुंट एक्सप्रेस- जो पहले से ही कटरा में क्षमता से अधिक भरी हुई है, जिससे जम्मूवासियों के लिए यात्रा लगभग असुविधाजनक हो गई है । इस बार अमावस्या पर्व 30 दिसंबर, 2024 को पड़ रहा है, यह एक महान हिंदू धार्मिक त्योहार है। इस पवित्र त्योहार पर गंगा माँ जी में स्नान करने के लिए हरिद्वार आने वाले भक्तों की भारी भीड़ होती है । इस ट्रेन के निलंबन के कारण पर्व के दौरान गंगा के दर्शन करने के इच्छुक यात्रियों के लिए यात्रा करना बहुत असुविधाजनक हो जाएगा । अत: रेल मंत्री जी से निवेदन है कि जम्मू-कश्मीर (यू.टी.) के लोगों के हित के लिए अमावस्या की पूर्व संध्या पर यात्रियों की सुविधा के लिए योग नगरी ऋषिकेश-जम्मू तवी एक्सप्रेस को चलाने की कृपा करें ।